# खदान में डूबे तीन बच्चे, दो लोगों को बचाया, एक की तलाश जारी

**सतना।** बाबूपुर चौकी अंतर्गत नैना-सगमनिया स्थित पत्थर की पुरानी अवैध खदान में भरे पानी में नहाते समय पैर फिसल जाने से गुरुवार सुबह 3 बच्चे डूब गये। सूचना मिलने पर बाबूपुर चौकी प्रभारी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। कोलगवां पुलिस भी गोताखोर दल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से खदान में डूबे दो बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया,जबकि एक लापता बच्चे की तलाश जारी है। बाबूपुर चौकी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करीबन सुबह साढ़े 10 बजे आयूष मिश्रा 16 वर्ष,पुष्पेन्द्र सिंह चौहान 17 वर्ष,प्रियांशु पाण्डेय 16 वर्ष नहाने के लिये नैना-सगमनिया की उक्त अवैध खदान पहुंचे। नहाते समय गहरे पानी में पहुंचने पर तीनों बच्चे डूबने लगे,शोर मचाने पर आसपास के कुछ ग्रामीणों ने दौड़कर खदान में छलांग लगा दी। इनके द्वारा पुष्पेन्द्र चौहान एवं प्रियांशु पाण्डेय को सकुशल निकाल लिया गया। सुपुर्दगी में दिये जाने के बाद औपचारिकता पूरी करके पुलिस ने दो बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया। जबकि लापता आयुष मिश्रा की पुलिस द्वारा ग्रामीणों एवं गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक आयुष मिश्रा को पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका था। बाबूपुर चौकी पुलिस ने बताया है कि तैराक दल को बच्चे के खदान के पत्थरों में कहीं फंसे होने के संकेत मिले हैं। तैराक डूबे हुये बच्चे को बाहर निकालने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। उधर गांव वालों का यह कहना है कि पानी में डूबने के 5 घंटे बाद बालक के जीवित बचने की संभावनायें न के बराबर हैं। फिर भी परिजनों के साथ वे भी आयुष को सकुशल खदान से बाहर निकालने के लिये प्रयासरत हैं।



## मझगवां में पानी से भरे टब में डूबकर बच्चे की मौत

मझगवां थाना अंतर्गत पड़मनिया कोठार में पानी से भरे टब में डूबने के कारण तीन वर्ष की बच्ची की मृत्यु हो गयी। बताया गया है कि जिस समय यह हादसा घटित हुआ,मृत बच्ची का पिता काम करने गांव गया हुआ था,जबकि मां भी किसी काम से घर के बाहर थी। घर पर 3 वर्षीय कंचन यादव एवं उसकी 5 वर्षीय बड़ी बहन मात्र थे। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची पानी से भरे टब के पास खेल रही थी,देखते ही देखते जाने कब वह उसमें गिर गयी,पानी अधिक मात्रा में पी जाने के कारण उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी घर लौटने पर मृतिका की मां को हुई। सूचना दिये जाने पर मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने पुलिस बल सहित मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां से शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस घटना में जांच कार्यवाही कर रही है।



## खबर संक्षेप

### 2 नाबालिग लड़कियां लापता

**मैहर।** मैहर के देवधारा तालाब के समीप रहने वाली प्राची कोल,व राधिका कोल दोनों के पिता रवि कोल निवासी देवधारा वार्ड नम्बर 19 कल शाम 6 बजे घर के निकट खेल रही थी जो अचानक लापता हो गई है। दोनों की उम्र लगभग 8 व 10 वर्ष के समीप बताई जा रही है। परिजनों के द्वारा बताया जा रहा है कि काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नही चल पा रहा है। परिजनों ने कहा है कि अगर किसी व्यक्ति को कहीं भी दिखे या पता चले तो मैहर थाने को सूचित करें।

### मतदान केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक कल

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 26 अप्रैल को मतदान संपन्न कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में चुनाव संबंधी तैयारियों के बारे में 20 अप्रैल 2024 को सायं 4 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मतदान केन्द्रों की मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था,22 अप्रैल को स्वीप गतिविधियों,नल जल योजनाओं में विद्युत संबंधी समस्याओं,खुले/अनुपयोगी बोरवेल,खराब हैण्डपम्पों तथा चुनाव सामग्री वितरण/वापसी की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी एजेण्डा अनुसार निर्धारित तिथि, समय, स्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### 20 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से भरकर फार्म-12 (क) जमा करें

**सतना।** नोडल अधिकारी डाकमत पत्र प्रकोष्ठ अधिकारी द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान हेतु कार्यालय/विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों के फार्म-12 (क) भरकर प्रशिक्षण स्थल पर प्रस्तुत किया जाना है। जिन कर्मचारियों ने अभी तक फार्म-12(क) भरकर जमा नहीं किये है। उन्हें फार्म-12 (क) भरकर 20 अप्रैल 2024 तक अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय के डाकमत प्रकोष्ठ में जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### शंका समाधान सत्र 22 अप्रैल को

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए द्वितीय चरण के निर्वाचन में शामिल होने वाले लोकसभा मुख्यालय के जिले में रिटर्निंग आफीसर,सहायक रिटर्निंग आफीसर और जिला निर्वाचन अधिकारी के लिए मतदान दिवस व्यवस्थाओं पर माइक्रोसाफ्ट टीम के माध्यम से आनलाईन डाउट क्लीयरिंग सेशन आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम 22 अप्रैल को प्रातः 11 बजे दोपहर 1 बजे तक आनलाईन आयोजित किया जायेगा।

### फसलों की नरवाई को ना जलाएं

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मनोज कश्यप ने बताया कि ग्रीन ट्रीब्यूनल के निर्देशानुसार पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रदेश में धान एवं गेहूं की फसलों की कटाई उपरांत फसल के अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को समय-समय पर निर्देश जारी कर नरवाई से होने वाली आगजनित घटनाओं को रोकने के लिए नरवाई जलाने को प्रतिबंधित करने के लिए निर्देश दिये है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को अपने स्तर से पटवारियों के माध्यम से आगजनित घटनाओं का तत्काल सर्वे कराकर आग लगाने वाले अवांछित तत्वों पर पृथक से दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सेटेलाइट मानीटरिंग रिपोर्ट सिस्टम ने पूरे प्रदेश में नरवाई से लगने वाली आग की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है। सतना जिले से सेटेलाइट मानीटरिंग रिपोर्ट संबंधित एसडीएम को भेजते हुए कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

## घर के सामने से मासूम लापता,सुराग नहीं



### बुआ के घर आया था बच्चा

**सतना।** नागौद थाना व पोंडी चौकी क्षेत्र के अतरवेदिया गांव में लापता बच्चे का कोई सुराग नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के पतारी गांव निवासी अरुनेंद्र कुशवाहा का 8 वर्षीय पुत्र अनीस अतरवेदिया निवासी सत्यम कुशवाहा के यहां रिश्ते में बुआ के यहां आया हुआ था। जो की बुधवार की सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर खेल रहा था लेकिन कई घंटे तक नहीं दिखा तो परेशान बुआ ने पति को इस बारे में जानकारी दी। दोनों ने आसपास तलाश की पर कहीं नहीं मिलने पर उसके पिता व रिश्तेदार व परिचितों से भी बात की लेकिन कहीं भी पता नही चला है। गुरुवार सुबह से जुड़े हुए पहाड़ी अंचल के गांवों में तलाश की गई है पर कोई सुराग नहीं है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है । मामले में पोंडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण त्रिपाठी ने बताया कि बच्चे की तलाश में जुटे हुए हैं बच्चा जब घर से निकला था तो उसने नीले रंग की टी-शर्ट,और और गहरे हरे रंग का पैंट पहने हुआ था। सोशल मीडिया के जरिए भी उसकी तलाश की जा रही है।

## मतदान केन्द्र में रहेगी मतदान दलों को भोजन की उचित व्यवस्था

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन में सतना और मैहर जिले के 1950 मतदान केन्द्रों में जाने वाले मतदान दल कर्मियों को प्रत्येक मतदान केन्द्र में चाय, नाश्ता एवं भोजन आदि की उचित व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मीनू के अनुसार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से निर्धारित समय व तारीख को भोजन,चाय,नाश्ता आदि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और शहरी क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपी गई है। लोकसभा निर्वाचन में 7 विधानसभा क्षेत्र के 1950 मतदान दल एवं माइक्रो आब्जर्वर 25 अप्रैल को प्रस्थान कर उसी दिन मतदान केन्द्र पहुंचेंगे तथा 26 अप्रैल को मतदान पश्चात रात्रि तक वापस लौटेंगे। सभी मतदान केन्द्र के मतदान दलों को निर्धारित दर पर चाय,नाश्ता,भोजन स्व-समूह उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अनुसार चाय 5 रूपये,चाय-नाश्ता 16 रूपये और भोजन की दरें 80 रूपये निर्धारित की गई है। मतदान दलों को 25 अप्रैल को लगभग दोपहर 1 बजे मतदान केन्द्र पहुंचने पर भोजन (चावल-दाल,रोटी,मौसमी सब्जी और मीठा) शाम 5 बजे चाय,बिस्किट,नमकीन,रात्रि 8 बजे भोजन (चावल-दाल,रोटी,मौसमी सब्जी और मीठा) इसी प्रकार 26 अप्रैल को प्रातः 6 बजे चाय,प्रातः 9 बजे चाय,पोहा,जलेबी,दोपहर 1 बजे भोजन (चावल-दाल,रोटी, मौसमी सब्जी और मीठा) तथा शाम 5 बजे मतदान दलों को चाय,बिस्किट उपलब्ध कराई जायेगी।

## सर्व ब्राह्मण संगठन ने धर्मेश चतुर्वेदी को दी श्रद्धांजलि :

**सतना।** सर्व ब्राह्मण संगठन जिला सतना द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने धर्मेश चतुर्वेदी के आकस्मिक देहावसान पर विनम्र अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्व ब्राह्मण संगठन के अध्यक्ष पं.कमलाकर चतुर्वेदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते समय अत्यंत भावुक होते हुए उन्होंने धर्मेश चतुर्वेदी की आकस्मिक देहावसान पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज और शहर के लिए अपूरणीय क्षति है। महेश तिवारी ने कहा कि हमने संस्कारित,अदम्य साहसी और सतना का भविष्य खो दिया। मनोज दुबे अकेला ने कहा कि युवाओं का भरोसा,सच्चा साथी हमसे बिछुड़ गया। श्रद्धांजलि सभा के बाद मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पं.कमलाकर चतुर्वेदी,महेश तिवारी,प्रमोद तिवारी,विप्र चतुर्वेदी,राजेंद्र शुक्ला,रामेश्वर प्रसाद तिवारी, सत्येंद्र पांडे,रवि शंकर चतुर्वेदी,अनिल शर्मा,मनोज दुबे अकेला,श्रेय शुक्ला,उमाकांत पाठक,अरुण द्विवेदी, मोहित तिवारी,देवदत्त द्विवेदी,अरुण पटनहा,संतोष बड़गैयां,हेमंत अग्निहोत्री,नन्हूलाल गर्ग,बेटा पांडे,आशीष शुक्ला,राम मनी द्विवेदी एवं रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा सहित कई विप्र बंधु उपस्थित रहें।

## इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान पर जीएसटी की कार्यवाही

**मैहर।** नगर में शारदा इलेक्ट्रानिक की दुकान पर पुरानी सब्जी मण्डी के पास सिंधी गुरूद्वारा के बगल में स्थित शारदा इलेक्ट्रानिक की दुकान में जीएसटी की 14 सदस्यीय टीम ने की छापामार कार्यवाही की जो देर शाम तक चलती रही। बताया जाता है कि घंटों चली जांच के दौरान दस्तावेजों में काफी कुछ गोल माल होने की शिकायत की गई थी। आरोप लग रहे है कि दुकानदार के द्वारा कच्चें बिलों के आधार पर स्टीमेट के द्वारा सामानों की बिक्री किए जाने का मामला उजागर हुआ था। बताया जा रहा है कि शारदा ऐजन्सी के नाम पर संचालित इलेक्ट्रानिक



सामानों की बिक्री पर कई बार गोलमाल के संबंध में उपभोक्ताओं के द्वारा शिकायत की गई थी। जब शिकायतकर्ता ने शिकायत की तो जीएसटी की टीम पुलिस कोतवाली मैहर से पुलिस बल के सहयोग में छापामार कार्यवाही की गई है। अन्य ठिकानों पर भी जांच होगी या नहीं यह तो पूरी जांच के बाद ही पता चलेगा। उक्त मामले पर जीएसटी चोरी का



यह कोई पहला मामला नहीं है । यहां पर कई अन्य व्यापारियों के द्वारा भी किए जा रहे गोलमाल पर भी छापामार कार्यवाही हुई थी। उक्त शारदा एजेन्सी की दुकान पर लाखों रुपए की जीएसटी चोरी के मामले को लेकर जहां पर दुकानदार के दस्तावेज रिकार्ड रखे हुए थे उस कमरें को सीज कर दिया गया है और मामले की विधिवत जांच जारी है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया ईवीएम कमीशनिंग कार्य का जायजा



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में बनाये गये स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के नवीन भवन में होने वाले मतदान केन्द्रों के उपयोग के लिए ईवीएम की एफएलसी और कमीशनिंग कार्य ईवीएम की तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।उन्होंने इस दौरान कमीशनिंग कार्य के लिए स्ट्रांग रूम से विधान सभावार आने वाले ईवीएम के आने-जाने के मार्गों की सुरक्षा,छाया तथा सीसीटीवी कैमरा के कवरेज का निरीक्षण भी किया।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की अपील

**निर्भय होकर करें मतदान**

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने,संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। श्री राजन ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। उन्होंने राज्य के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान अवश्य करने की अपील की है। श्री राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री राजन ने कहा है कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज,सुगम और समावेशी बनाने के लिये 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा दी गयी हैं। "सक्षम एप" से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगना पड़े,इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों में छाया एवं पीने के लिए ठंडा पानी,दवा आदि की समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं।

## हैण्डपंप पानी की जगह उगल रहे हवा

### भीषण गर्मी में क्षेत्रवासी पीने के पानी के लिए मोहताज

**कोतमा।**

वर्तमान में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। कड़ाके की धूप पड़ने लगी है लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है वही नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव में चार दिनों से नल जल योजना के तहत पेयजल की सप्लाई नहीं की गई जिसके कारण वहां के रहवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोविंदा गांव में हैंडपंप भी सफल नहीं है चूंकि जो हैंड पंप लगे हैं उसे हवा निकल रही है जिसके कारण महिलाओं एवं बच्चों को पीने के पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि चार दिनों से फिल्टर में लगा मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जबकि वार्ड क्रमांक 11 मे दो मोहल्ले आते हैं गोविंदा गांव एवं कदम टोला जिसकी आबादी लगभग 1000 की है और नगर पालिका के द्वारा टैंकर के माध्यम से शाम को 4 से 5 टैंकर पानी सप्लाई की जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में किसी को पानी नहीं मिल पा रहा है और जिनको मिलते भी है वह पानी भी पर्याप्त नहीं होता है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में और कड़ाके की धूप में लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्षद के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाया जाता है तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं और बुधवार को पार्षद का फोन मुख नगर पालिका ने उठाया और यह कहा कि जब मोटर बन जाएगा तब पेयजल की सप्लाई शुरू की जाएगी और फोन काट दिया। जब यह हाल एक निर्वाचित पार्षद के साथ है तो आम जनता के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का व्यवहार कैसा होगा इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदा गांव से मिनी फिल्टर प्लांट की दूरी लगभग 4 से 500 मीटर है और पीने के पानी के लिए साइकिल से मिनी फिल्टर प्लांट जाते हैं और वहां से साइकिल में डिब्बा में ढोकर पानी लाते हैं। वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के पार्षद नोहर सिंह ने बताया कि 14 15 अप्रैल से मिनी फिल्टर प्लांट का मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

## सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल के लिए मेडीकल टीम तैनात

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 26 अप्रैल को जिला सतना एवं मैहर के समस्त मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न कराया जाना है। मतदान संपन्न कराये जाने के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना से 25 अप्रैल 2024 को मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण एवं 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति पश्चात मतदान सामग्री वापसी का कार्य संपन्न कराया जायेगा। सामग्री वितरण/वापसी के समय स्थल पर लगभग 10 हजार अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सामग्री वितरण/वापसी स्थल पर निर्धारित की गई तिथि अनुसार मेडीकल टीम,एम्बुलेंस सहित आदि की व्यवस्था के साथ मेडीकल टीम विद्यालय में तैनात की जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## रामकथा राज्य अभिषेक के साथ हुआ कथा का समापन

**राजनगर।** राजनगर में 23 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री सत चंडी महायज्ञ एवं श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन राजनगर काली मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी रामकथा की भक्तिमयी गंगा में डुबकी लगाई। कथा समापन के दिन श्री श्री 1008 श्री शेषनारायणाचार्य महाराज द्वारा राम जी का राज्याभिषेक हसदेव क्षेत्र के प्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा कराया गया। द्वारकाधीश अस्सी बनारसी द्वारा आयोजित रुद्र महायज्ञ राजनगर परिवार के द्वारा किया गया है। जहां नगर की महिलाएं पुरुष बच्चे यज्ञ भगवान के परिक्रमा कर पुण्य के भागीदार बने एवं रात्रि 8 बजे से कथावाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी वाराणसी के द्वारा संगीतमयी राम कथा का प्रवचन किया गया। जिसमे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म से लेकर ताड़का वध, सीता स्वयम्बर, राम सीता विवाह, राम वनगमन, सूर्पनखा लक्ष्मण संवाद, मृग मारीच प्रसंग, शबरी मिलन, सुग्रीव हनुमान मिलन, जटायू प्रसंग, शिव स्तुति, लंका कांड, राम रावण युद्ध, राज्याभिषेक सुंदरकांड की रामकथा वाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी द्वारा संगीतमय रामकथा को सुनने के लिए भारी संख्या में नगर के महिला पुरुष यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। राज्य अभिषेक के दौरान हजारों की संख्या में महिला और पुरुष आनंदित हुए व भक्तिभाव से भगवान राम का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। भगवान राम सीता के पैर पखारे गए मंगल गीत महिलाओं के द्वारा गाए गए राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे यह भक्ति गीत का गायन भी हुआ। कमेटी के द्वारा हसदेव अध्यक्ष के मुखिया महाप्रबंधक संजय मिश्रा का श्रीफल और शॉल द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार कमेटी के विनोद तिवारी और कमेटी के सभी सदस्य द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया।

## एकलव्य विद्यालय के छात्र ने लगाई फांसी

**मैहर।** मैहर के एकलव्य विद्यालय में छात्र के द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है। मैहर स्थित एकलव्य विद्यालय कई वर्षो से चर्चाओं में बना रहता है। इसके पहले छात्रों के द्वारा बताया गया था कि विद्यालय में मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है इसी तरह अन्य सामग्री जो शासन के द्वारा दी जाती है वह नहीं दी जाती है यहां तक छात्रों से झूठे बर्तन तक धुलवाएं जाते रहे है,जिसकों लेकर छात्रों के द्वारा अनशन तक किया गया था। बताया जा रहा है कि 17अप्रैल की सुबह एकलव्य विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा एक कमरें से एक छात्र को एक छात्रा के साथ पाया गया था जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन के द्वारा समझाइश देते हुए छात्र और छात्रा के माता-पिता को तत्काल एकलव्य विद्यालय में बुला लिया गया था। दोपहर में जब छात्र के माता-पिता विद्यालय में खाना खा रहे थे तभी छात्र ने अपने कमरे में पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यही नही कुछ अन्य प्रकार की भी चर्चाएं चल रही है किंतु मामले की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि छात्र ने क्यों फांसी लगाई।

**खबर संक्षेप**

## सलेहा में श्री राम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**सलेहा** – हर वर्ष की भाग इस वर्ष भी भगवान श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से गाजे बाजे के साथ मनाया गया। रामनवमी उत्सव समिति सलेहा की ओर से कई दिनों से जारी तैयारियों के बाद दोपहर 2 बजे से बिहारी जू मंदिर से शोभायात्रा की शुरुआत की गई भव्य शोभायात्रा के दौरान राममयी हुआ सलेहा नगर आकर्षण का केन्द्र बनी श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी। गुरुवार को निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान सलेहा में हर तरफ जयश्री राम के जयघोष के बीच आगे बढ़ती शोभायात्रा को देखने के लिए पूरा सलेहा क्षेत्र उमड़ पड़ा, गुरुवार को निकली भव्य शोभायात्रा बिहारी जी मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलती हुई ग्राम कटरा, नयागांव तक फिर शोभायात्रा गुबडो माता गंज तक गयी और वापस सलेहा में यात्रा का समापन किया गया मार्ग में जगह जगह पूजा अर्चना के साथ पुष्प वर्षा भी की गई। शोभायात्रा में क्षेत्र से हजारों लोग सम्मलित हुए।

## तीन अपराधी जिला बदर घोषित

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत तीन अपराधियों के विरूद्ध दो माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है। इनमें धाम मोहल्ला थाना कोतवाली निवासी मजीज उर्फ बल्ली उम्र 47 वर्ष व लुकमान मोहम्मद उम्र 29 वर्ष तथा ग्राम बुधेड़ा थाना अमानगंज निवासी छोटू राजा उर्फ सुरेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष शामिल है। अपराधियों के विरूद्ध पुलिस थाना में अपराध की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध हैं। साथ ही उक्त तीनों आदतन आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। इनके विरूद्ध पूर्व में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी की जा चुकी हैं, लेकिन आचरण में सुधार परिलक्षित नहीं होने तथा लोक सुरक्षा व व्यवस्था प्रभावित होने के दृष्टिगत अपराधियों को जिला बदर किया गया है। सभी अपराधी आदेश तामीली दिनांक से 12 घंटे के भीतर पन्ना जिला सहित समीपवर्ती जिलों दमोह, छतरपुर, सतना, मैहर, कटनी और उत्तरप्रदेश के बांदा एवं चित्रकूट जिले की सीमाओं से निष्कासित रहेंगे। आदेश के उल्लंघन पर अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## सहायक नोडल अधिकारी को अपमानित करने पर नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने जनपद पंचायत अजयगढ़ के संविदा उपयंत्री नरसिंह सुनकर को संविदा सेवा समाप्त करने एवं आईपीसी की धारा 353 के तहत पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर नोटिस के संबंध में कारण बताने के लिए निर्देशित किया गया है। संविदा उपयंत्री की ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में विधानसभा क्षेत्र पन्ना के कमीशनिंग दल क्रमांक 10 में लगाई गई थी, लेकिन उपयंत्री द्वारा 18 अप्रैल को निर्धारित टेबिल पर कार्य संपादित नहीं किया गया। साथ ही तकनीकी नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित करने पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग भी किया गया। अन्य लोकसेवकों के समक्ष चिल्लाते हुए सहायक नोडल अधिकारी को संविदा उपयंत्री ने अपमानित भी किया। उक्त कृत्य शासकीय लोकसेवक के निर्धारित आचरण प्रावधानों के विपरीत होने तथा निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न होने व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 159 के उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### आओ चलें रामराज्य की ओर

# शील, गंभीरता, विनम्रता, दिव्य गुणों की खान प्रभु श्री राम - ब्रह्माकुमारी सीता बहनजी

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में रामनवमी का पर्व बड़े ही उमंग उत्साह से मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को रामनवमी के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि, आज का दिन विशेष दिन है आज हम सभी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव मना रहे हैं। जीवन में उतार चढ़ाव तो आएंगे भगवान श्रीराम के जीवन में भी अनेक प्रकार के उतार-चढ़ाव आए परंतु उन्होंने धैर्यता, गंभीरता और स्थिरता के साथ हर परिस्थिति को सकारात्मक तरीके से पार किया अर्थात आज के मनुष्यों को कितनी सुंदर सीख दी कि जीवन में कितनी भी परिस्थितियां व चुनौतियां आए परंतु अपना आपा नहीं खोना है, धैर्यता और गंभीरता के साथ सकारात्मक तरीके से उन परिस्थितियों को पार करना है। भगवान श्री राम दिव्य गुणों की खान थे, कितनी परिस्थितियां आयीं परंतु श्री राम जी ने हर परिस्थिति में शीलता व



विनम्रता रूपी दिव्य गुणों का अलंकार नहीं छोड़ा और शत्रुओं पर विजय पाई। श्री राम का जीवन त्याग व तप की मिसाल है, उन्होंने दूसरों के सुख व खुशी के लिए अपना राज्य, समस्त वैभव पल भर में त्याग दिया।

**कब आयेगा राम राज्य -**

आज हम सभी राम राज्य की बात करते हैं परंतु देखने में आ रहा है हिंसा, आतंक, असमानता, भय, गरीबी, जातिवाद आदि समस्याओं का दानव मुंह बाये खड़ा है तथा यह संसार उल्टा ही रावण राज्य बनता जा रहा है। अतः यह सवाल हम सबको स्वयं से पूछना चाहिए कि कब आएंगे श्री राम कब आएगा रामराज? जिसके लिए कहते हैं कृ श्राम राजा राम प्रजा राम साहूकार है, बसे जिए दाता नगरी धर्म का उपकार है। निश्चय ही ऐसी व्यवस्था सिर्फ राम-राम की रट लगाने से नहीं आएगी बल्कि इसके लिए सभी को भगवान श्रीराम के समान आदर्श व नैतिक चरित्र अपनाना होगा, विकारों, व्यसनों के त्याग का दृढ़ व्रत लेना होगा। लक्ष्मण के समान मन को



नियंत्रित कर राम राज्य का लक्ष्य साधना होगा। हर नारी को सीता के समान शुद्धता, पवित्रता की अग्नि परीक्षा देनी होगी फिर हम सबको मिलकर भ्रष्टाचार, अनीति व अधर्म के रावण की लंका का दहन करना होगा दृ तभी घर-घर में राम राज्य का परचम लहरायेगा, तो आइये इस रामनवमी के पुनीत पर्व पर हम बुराइयों के त्याग द्वारा रामराज्य लाने का संकल्प करें।

## लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने वाले आरोपीगण को कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 27.11.2018 को फरियादी मुकेश खटीक ने थाना धरमपुर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि सुबह करीबन 08:00 बजे की बात है, वह अपनी बहन के घर के पास खड़ा था कि थाना तरफ से बोलेरो क्र. एमपी35सीए3248 गाडी को दीपक उर्फ दीपू सिंगरौल तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाता हुआ आया व सुनीता के घर के सामने बैठे अरूण खटीक, सुनीता खटीक व सोनू खटीक को टक्कर मारकर घर के सामने परछाई में घुस गई जिससे अरूण, सुनीता व सोनू घायल हो गये। सुनीता व अरूण के चेहरे, सिर व हाथ में काफी चोट आ गई। वह व रामचन्द्र दौड़कर गये तो गाडी का ड्राइवर दीपक उर्फ दीपू गाडी छोडकर भाग गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना धरमपुर में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू को गिरफ्तारी पत्रक अनुसार गिरफ्तार किया गया। आहतगण का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। विवेचना के दौरान वाहन मालिक अभियुक्त दोस्त मोहम्मद के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जिला पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री सुनील कुमार द्विवेदी अपर लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण दीपक उर्फ दीपू को क्रमशः धारा 304, 308, 325, 323 भादसं., 3/181, 184 मोटर व्ही. एक्ट में क्रमशः 05 वर्ष, 03 वर्ष, 03 वर्ष, 01 माह, 01 माह, 03 माह का कारावास एवं 2000 रूपए, 500 रूपए, 500 रूपए, 500 रूपए, 500 रूपए एवं दोस्त मोहम्मद को धारा 5/180 मोटर.व्ही. एक्ट में 03 माह का कारावास एवं 1000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आम आदमी को चुनाव में उत्साह क्यों नहीं?

**पन्ना।** जिला मुख्यालय पन्ना खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र का भी मुख्यालय है इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर आम जनता में कोई उत्साह नहीं वहीं विपक्ष भी पूरी तरह से धरासाही नजर आ रहा है। सत्ता पक्ष ही चुनावी सरगर्मी को सतत आगे दिशा दे रहा है। विगत दिवस रामनवमी पर्व के बाद आज जहां समाचार लिखे जाने तक पवई में सीएम का रोड-शो हुआ सिद्धपीठ मां कंकाली कुआताल में दर्शन व अर्चन को लेकर चर्चा में चुनाव के साथ भक्ती का मार्ग वहीं 7:30 बजे लगभग पन्ना जिला मुख्यालय में भगवान श्री जुगुल किशोर के दर्शन व पूजा-अर्चन माननीय मध्यप्रदेश के मुखिया मोहन यादव एवं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो से लोकसभा के प्रत्याशी बीडी शर्मा एक साथ जहां भगवान की सरण में श्री जुगुल किशोर मंदिर में आज नजर आयेगें। यहां चुनावी सरगर्मी के साथ-साथ भक्ती मार्ग व शक्ति अर्जित करने को लेकर यह चुनाव अपने आप में सत्ता पक्ष की पार्टी भाजपा के द्वारा ही अपनी ताकत दिखाने को लेकर सतत आगे बढ़ रही है। या यह कहें की इस



सीट में विपक्ष पूरी तरह से चुनाव के माहौल से गुम सा नजर आ रहा है। वहीं आम आदमी में कोई उत्साह नहीं चुनाव महज औपचारिकता को लेकर जरूर कराया जायेगा। लोकतंत्र में ऐसा पहली बार खजुराहो लोकसभा का चुनाव देखने को मिल रहा है जहा विपक्ष की भूमिका चुनावी समय में भी गायब सी नजर आ रही है। वहीं सत्ता पक्ष अपनी ताकत को लेकर भक्ति मार्ग के साथ शक्ति को दिखाने के लिए अकेले सड़कों में अपनी जीत का दावा कर रहे है। आखिर यह कैसा चुनाव जहां चुनावी समय में भी विपक्ष के हालात आम जनता को जब रास नहीं आये वहीं सत्ता पक्ष मजबूरी बन रही आखिर इस चुनाव में चुनाव ही कैसे जब सामने कोई टक्कर के हालात नहीं। तो चुनाव ही चुनाव बेरूखी के हालात खजुराहो लोकसभा संसदीय का चुनाव।

## श्रीमद्भागवत कथा के महात्म को सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता



**अजयगढ़।** नगर के समीपी गांव बहादुरगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रेम यज्ञ के प्रथम दिन गुरुवार की रात प्रवचन करते हुए पं. ज्ञानेन्द्र महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिनु परतीती होई नहीं प्रीति अर्थात माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता, अस्थायी हो जाता है। धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मसात कर लें तो जीवन से सारी उलझने समाप्त हो जाएगी। द्रौपदी, कुन्ती महाभागवत नारी है। कुन्ती स्तुति को विस्तारपूर्वक समझाते हुए परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। पश्चात गौकर्ण की कथा सुनाई गई।कथा व्यास ज्ञानेंद्र महाराज ने कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने अच्छे ओर बुरे कर्मो की परिणिति को विस्तार से समझाते हुए आत्मदेव के पुत्र धुंधकारी ओर गौमाता के पुत्र गोकरण के कर्मो के बारे में विस्तार से वृतांत समझाया ओर धुंधकारी द्वारा एकाग्रता पूर्ण भागवत कथा श्रवण से प्रेतयोनी से मुक्ति बताई तो वही धुंधकारी की माता द्वारा संत प्रसाद का अनादर कर छल.कपट से पुत्र प्राप्ती ओर उसके बुरे परिणाम को समझाया।मनुष्य जब अच्छे कर्मो के लिए आगे बढता है तो सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के पीछे लग जाती है ओर हमारे सारे कार्य सफल होते है। ठीक उसी तरह बुरे कर्मो की राह के दौरान सम्पूर्ण बुरी शक्तियॉ हमारे साथ हो जाती है। इस दौरान मनुष्य को निर्णय करना होता कि उसे किस राह पर चलना है। छल ओर छलावा ज्यादा दिन नहीं चलता। छल रूपी खटाई से दुध हमेशा फटेगा। छलछिद्र जब जीवन में आ जाए तो भगवान भी उसे ग्रहण नहीं करते है- निर्मल मन प्रभु स्वीकार्य है। छलछिद्र रहित ओर निर्मल मन भक्ति के लिए जरूरी है। प्रधान यजमान सुरेन्द्र कुमार रावत एवम धर्म पत्नी श्रीमती रावत ने ब्यास पीठ का पूजन किया। कथा आयोजक मोहित रावत ने अजयगढ़ क्षेत्र के समस्त भगवत प्रेमियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का रस पान ग्रहण करें। उन्होंने बताया की भागवत कथा दिनांक 23 मई 2024 तक दोपहर 3रू00 बजे से हरि इच्छा तक चलेगी। कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, इसके उपरांत कथा का शुभारंभ किया गया।

## प्रत्येक वोट जरूरी है पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार, 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे। विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51,000 एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21,000 एवं प्रमाण पत्र और बतौर तृतीय पुरस्कार 11,000 एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## प्राकट्य पर्व में कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां



**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा श्री रामनवमी पर्व के मौके पर जिला प्रशासन के सहयोग से गत दिवस श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में प्राकट्य पर्व का आयोजन किया गया। लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता का पालन कर सादगी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर कलाकारों के दल द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं गईं। कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों का सम्मान भी किया गया। छतरपुर के राम सिंह राय एवं साथी कलाकारों के दल तथा भोपाल के सुनील शुक्रवारे एवं साथियों द्वारा आकर्षक भक्ति गायन की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी सहित गणमान्य नागरिक और दर्शकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## जिले में मेडिकल कॉलेज की खुशी में भी पानी फिरा

### सिटी स्केन मशीन की तर्ज पर अब मेडिकल कॉलेज को लेकर पन्ना में स्वास्थ्य के प्रति व्यवस्था बढ़ाने को लेकर आम आदमी पर ही भारी



**पन्ना।** सम्पूर्ण स्वास्थ्य को लेकर जहां संवेदनशीलता का बात करने वाले सरकार की मंशा अलग ही अंदाज में देखने को मिलती है। पन्ना जिले को लेकर मेडिकल कॉलेज की सौगात विधानसभा चुनाव के दौरान कागज में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में दिशा मिली थी। जगह चयन करने को लेकर बात सामने आई थी वहीं कुछ समय पहले पीपी मोड में मेडिकल कॉलेज बनाये जाने को लेकर जिले में जमीन का आंकलन करने के लिए टीम भी पहुंची थी। चर्चा में चल पड़ा मेडिकल कॉलेज जो निजी कम्पनी के द्वारा मेडिकल कॉलेज को लेकर भी अंगुवाई की जा रही है। यानि की क्या है पीपी मोड यह तो जिम्मेदार ही जाने पर जिस तरह से मामला मीडिया के माध्यम से बाहर निकलकर आया की निजी हांथों में मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी निर्माण को लेकर जगह की तालाश से जनचर्चा बन गई। आखिर जगह हमारे जिले की शासकीय भूमि वेशकीमती जो निजी हांथों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर कार्यवाही के लिए आखिर क्यों सरकार के द्वारा जब मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई थी तो फिर निजी कम्पनियां या पीपी मोड यह क्या सब। क्या पन्ना जिला में मेडिकल कॉलेज प्राईवेट की तरह सौगात के रूप में माना जाये। वैसे भी कुछ कह पाना कठिन है क्योंकि इस जिले में सब जायज है। यहां की आम जनता जनप्रतिनिधियों को आदर्श मानकर कुछ भी सहन करने की क्षमता रखती हैं जिला अस्पताल के सामने सिटी स्केन मशीन इसका जीता जागता उदाहरण है। हमारे यहां उद्योगिक कम्पनियों से कोरोना काल के समय सिटी स्केन मशीन को लेकर राशि जमा कराई गई थी करोड़ों रूपये वहीं शासकीय के द्वारा भी सिटी स्केन मशीन को लेकर सुविधा प्रदान करने की बात जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई इतना ही नहीं जो सिटी स्केन मशीन संचालित है इसका शुभारंभ मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सीएम शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया गया था। वह सिटी स्केन मशीन श्रीजी कम्पनी का वोर्ड स्वयं ही बयां कर रहा है। क्या शासन की मशीन या पन्ना जिले की जनता को लेकर सी.एस.आर. से आम जनता को स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करने के लिए सिटी स्केन मशीन के लिए जो राशि प्रदान की गई थी उसका औचित्य ही क्या साबित हुआ। जब निजी कम्पनी की मशीन तो वह राशि किस लिए। और किस उपयोग में लाई गई। यह सब बंद कार्ड है। यही तो शासन का राज है इतना ही नहीं पन्ना की भोलीभांलि जनता को इसके बाद भी कोई लेना देना नहीं। आज श्रीजी कम्पनी की सिटी स्केन मशीन के माध्यम से व्यवसाय का खेल जारी है। वहीं प्रशासन को भी अब इससे सायद कोई सरोकार नहीं है। इसी तर्ज पर मेडिकल कॉलेज की सौगात खुशी के बाद भी कुछ खास नहीं क्योंकि निजी हांथों में अब मेडिकल कॉलेज की बारी जमीन उपलबध कराकर आम आदमी के स्वास्थ्य के नाम पर लोगों को रोजगार की दिशा यहां बड़े कम्पनी या बड़े लोगों के स्वास्थ्य करने की मशा को लेकर पीपीमोड में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन परखी जा रही है। क्या यह पन्ना जिले के साथ खुशी के हालात या कि जिन्हें मेडिकल कॉलेज बनाने या संचालन के लिए जिम्मेदारी दी जा रही है उनके लिए खुशी यह तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ही बताये पन्ना के साथ कब तक इस तरह के हालात कायम रहेगें। उदाहरण को लेकर और भी कई विकास के मायने है। जिनमें केन-बेतवा लिंक परियोजना में पन्ना नीव का पत्थर बना विकास अन्य जिलों के पन्ना का पानी जरूर दूसरे जिलों तक पहुंचाया जायेगा। पन्ना के लोग तो आज भी सहन सीलता व अपनी उदारवादी सोच के चलते सफेद पोसधारियों का हो रहे शिकार। आखिर यह कैसा सबिका विकास जो मांग का सबका साथ यह तो जिम्मेदार ही जाने।

## नौगांव हरपालपुर क्षेत्र बना गुटखा माफियाओं की शरण स्थली

**एमपी में फैक्ट्री संचालन करने पर होती है सिर्फ छापामार कार्रवाई, जांच के नाम पर लीपापोती**

# नौगांव क्षेत्र में चल रही लगभग 2 दर्जन से अधिक अवैध गुटखा फैक्ट्री

यूपी में तंबाकूयुक्त मिक्स गुटखा बेचने पर प्रशासन जेल भेजने की कार्रवाई करता है, जबकि एमपी प्रशासन अवैध गुटखा फैक्ट्री मिलने पर छापामार कार्रवाई और जांच के बाद लीपापोती कर मामला आया गया जैसा होता है। उत्तर प्रदेश प्रशासन की सख्ती के बाद नौगांव हरपालपुर क्षेत्र गुटखा माफियाओं को पहली पसंद के साथ शरणस्थली बन गया है, जिसके चलते यूपी में सप्लाई होने वाला अवैध मिक्स एवं ब्रांडेड नकली गुटखा नौगांव क्षेत्र में धड़ल्ले से बन रहा है। पिछले छह महीने के अंतराल में नौगांव क्षेत्र में अवैध गुटखा फैक्ट्रियों पर प्रशासन की छापामार कार्रवाई इसका उदाहरण हैं। लेकिन प्रशासन की कार्रवाई छापामार एवं जांच तक ही सीमित होने के चलते यूपी के माफिया नौगांव क्षेत्र में डेरा जीएसटी चोरी, खाद्य नियमों का पालन न करते हुए अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। जिस कारण से यह गुटखा फैक्ट्री दिन रात चल रही है।

खास खबर

नौगांव

बीते वर्ष गांधी जयंती के दिन जिला कलेक्टर संदीप जी आर, निवर्तमान एसपी अमित सांघी ने खाद्य विभाग, राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ मिलकर नौगांव क्षेत्र के ददरी एवं बरा गांव में चल रही अवैध गुटखा फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई करते हुए गुटखा बनाने वाली मशीनें, तैयार मिक्स गुटखा, सहित गुटखा निर्माण में लगने वाली अन्य सामग्री जप्त करते हुए कार्रवाई की थी। इसी तरह इसके बाद और पहले भी प्रशासन की टीम ने नौगांव एवं हरपालपुर क्षेत्र में संचालित कई अवैध गुटखा फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के बाद मामले की जांच और सैंपल रिपोर्ट आने का इंतजार और इसी के मध्य जांच और सैंपल रिपोर्ट के नाम पर लीपापोती करके प्रशासन मामले को निपटा देता है या फिर ऐसे ही फाइलों में छोड़ दिया जाता है। प्रशासन के इसी ढुलमुल रवैए का नतीजा है कि यूपी बॉर्डर से लगा होने के कारण नौगांव और हरपालपुर क्षेत्र उत्तर प्रदेश के गुटखा माफियाओं के लिए सुरक्षित शरणस्थली बन गया है। उत्तर प्रदेश में मिक्स गुटखा निर्माण तो दूर बेचने पर ही प्रशासन इतना सख्त है कि मिक्स गुटखा जप्त होने पर सीधे जेल भेजने की कार्रवाई होती है। लेकिन एमपी में प्रशासन के ढुलमुल रवैए के चलते नौगांव और हरपालपुर क्षेत्र माफियाओं की पहली पसंद साबित हो रहा है। नौगांव इलाके में प्रतिबंधित तंबाकू गुटखा



की फैक्ट्रियां लगातार पकड़ी जा रही हैं। लेकिन पकड़े गए अवैध गुटखा कारोबार पर कार्रवाई नहीं होने से दोबारा काला कारोबार शुरू हो जाता है। नौगांव क्षेत्र अवैध गुटखा बनाने का गढ़ बना हुआ है। मंगलवार को भी इसी तरह का अवैध गुट्खा बनाने वाली फैक्ट्री को प्रशासन ने पकड़ा है। नियमों को दरकिनार कर तम्बाकू, गुटखे का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है जिसके चलते युवा पीढ़ी व्यापक स्तर पर इसका सेवन करते दिखाई दे रही है।

### कहां - कहां बन रहा अवैध गुटखा -

नौगांव थाना क्षेत्र के तिंदनी, ददरी, बिलहरी, चौबारा,हल्लू कॉलोनी, ईशानगर रोड, डिस्लरी रोड शराब ठेका के पास, परम कॉलोनी, गल्ला मंडी क्षेत्र, आर्मी कॉलेज के पास, बिलहरी- नैंगुवा फोरलेन हाइवे के पास, शिकारपुरा, सुनाटी, गरौली, चंद्रपुरा, बरा सहित शहर के कई स्थानों के अलावा अलीपुरा थाना क्षेत्र, गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र, हरपालपुर थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से गुटखा फैक्ट्री का संचालन करके मिक्स गुटखा का निर्माण करके नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों पर खुलेआम बेचकर लाखो का मुनाफा कमाया जा रहा है। क्षेत्र में चल रही अवैध गुटखा फैक्ट्रियों की जानकारी पुलिस एवं प्रशासन को भी है, लेकिन सिस्टम के तहत चलने के कारण एक दो उदाहरण छोड़कर इनके खिलाफ कार्यवाई की जहमत नहीं उठा सके। सम्बंधित विभाग भी कार्यवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके गायब हो जाता है। सबंधित विभाग की कार्यवाई के बाद अवैध रूप से संचालित गुटखा फैक्ट्री बंद होने की बजाय गुटखा का यह अवैध कारोबार और बड़ जाता है।

### इन नामों से बन रहा गुटखा -

क्षेत्र में मास्टर जी, मैडम जी, पुजारी, पटेल, दीपक, करिश्मा, भोला, गोकुल, पवन, समता, किंग, धोनी,तिरंगा सहित अनेकों नाम से मिक्स गुटखा का अवैध निर्माण किया जा रहा है। अवैध रूप से संचालित देशी गुटखा फैक्ट्रियों में माफियाओं के द्वारा ब्रांडेड गुटखों का नकली माल भी तैयार किया जा रहा है जिसमें राजश्री, कमलापसंद, तलब के नाम से डी माल तैयार किया जाता है। गुटका फैक्ट्रियां रात में गुटका बनाती थीं। लेकिन अब मशीनें दिन-रात चल रहीं हैं। तैयार माल पिकअप में गुटका की बोरियां और ऊपर सब्जी की कैरेट रख कर परिवहन किया जाता है। कुछ लोग लग्जरी वाहनों की सीट खोलकर उससे परिवहन करते हैं।

### उत्तरप्रदेश में सख्ती के बाद नौगांव क्षेत्र बना अवैध गुटखा माफियाओं का गढ़ -

उत्तर प्रदेश प्रशासन की सख्ती के बाद यूपी के गुटखा माफियाओं के लिए बॉर्डर से लगा होने के कारण नौगांव क्षेत्र पहली पसंद बन गया है। यूपी में बिकने वाला 90 प्रतिशत अवैध गुटखा नौगांव एवं हरपालपुर क्षेत्र में संचालित अवैध गुटखा फैक्ट्रियों में बन रहा है। सम्पूर्ण प्रदेश में तम्बाकूयुक्त गुटखा के निर्माण एवं परिवहन पर प्रशासन ने रोक लगा रखी है, प्रशासन की रोक के वावजूद नौगांव क्षेत्र में सुपारी के नाम पर अवैध तरीके से गुटखा फैक्ट्री संचालित करके तम्बाखू युक्त मिक्स गुटखा का निर्माण करके खुलेआम धड़ल्ले से विक्रय एवं परिवहन कर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। गुटखा की फैक्ट्रियों से मिक्स गुटखा का निर्माण करके क्षेत्र की पान, किराना दुकानों में खुलेआम बेचा जा रहा है, इतना ही नहीं गुटखा के इस अवैध गोरखधंधे में मिक्स एवं तम्बाकू युक्त गुटखा कागज की पैकिंग की जगह पोलीथिन की पैकिंग में पैक करके खुल्लम खुल्ला हर छोटी बड़ी दुकानों पर बेचा जा रहा है। गुटखा का अवैध कारोबार करने वाले माफिया तम्बाकू युक्त एवं मिक्स गुटखा को कागज की जगह पोलीथिन की पैकिंग में पैक करके सरेआम प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं।

शासन ने बीते वर्षों पहले तम्बाकूयुक्त गुटखा के निर्माण ,बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः रूप से प्रतिबन्ध लगा रखा है। जिसके बाद बड़ी गुटखा कम्पनियों ने पान मसाला एवं तम्बाकू अलग अलग पैक में बेचकर गुटखा का कारोबार करने का फ़ॉर्मूला खोज निकाला। लेकिन पूरे प्रदेश में प्रतिबन्ध के बाद भी नौगांव क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गुटखा फैक्ट्रियों में रोजाना 100 बोरा से अधिक तम्बाकूयुक्त मिक्स गुटखा का अवैध निर्माण किया जा रहा है। यहां निर्मित गुटखा एमपी के साथ साथ उत्तर प्रदेश के राठ, महोबा, अजनर, बेलाताल, कुलपहाड़, पनवाड़ी सहित अन्य शहरों में बेचा जा रहा है।

### इनका कहना है -

सूचना मिलने पर कार्रवाई होती है, साथ ही विभाग भी अपने स्तर पर समय समय कर कार्रवाई करता है, अभी दो दिन पहले ही नौगांव में गुटखा फैक्ट्री पर कार्रवाई की है।

**वंदना जैन**
**खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

अवैध गुटखा सहित अन्य मादक पदार्थों पर संबंधित विभाग कार्रवाई करता है, सूचना मिलने पर टीम बनाकर कार्रवाई होती है, जांच आदि की रिपोर्ट आने में समय लगता है लेकिन कार्रवाई होती है।

**संदीप जीआर**
**कलेक्टर, छतरपुर**



## प्रशासनिक अधिकारी बनकर घर लौटे बेटे का हुआ भव्य स्वागत

## किसान परिवार के बेटे ने यूपीएससी में हासिल की 181वीं रैंक

छतरपुर। विगत मंगलवार को केन्द्रीय लोक सेवा आयोग यानि यूपीएससी 2023 की परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे, जिनमें मध्यप्रदेश के 27 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। छतरपुर जिले से भी दो युवाओं का चयन प्रशासनिक सेवा के लिए किया गया है। जिले के गौरिहार से सटे ग्राम राजौरा के एक किसान परिवार का बेटा कुलदीप पटेल गुरूवार को जब प्रशासनिक अधिकारी बनकर अपने घर वापिस लौटा तो छतरपुर बस स्टैंड पर जिले वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।सुबह जैसे ही कुलदीप शहर के बस स्टैंड पर पहुंचे वैसे ही परिजनों, मित्रों, समाज के लोगों और शहरवासियों ने ढोल-नगाड़ों के बीच आतिशबाजी करते हुए पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। मीडिया से बात करते हुए कुलदीप ने लोगों से मिले स्नेह के प्रति आभार जताते हुए सफलता का श्रेय अपने दादाजी बाबूलाल पटेल और शिक्षकगणों को दिया। परीक्षा की तैयारी के संबंध में उन्होंने बताया कि वे सामान्यतः 8 से 10 घंटे पढ़ाई करते थे और परीक्षा के समय 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। उन्होंने कोचिंग करने वाले विद्यार्थियों के लिए कहा कि कोचिंग के साथ-साथ विद्यार्थी के अंदर आत्मविश्वास होना बेहद आवश्यक है, सफलता तभी मिलती है जब को स्वयं पर विश्वास हो।उल्लेखनीय है कि कुलदीप पटेल के पिता मूलतः किसान हैं। कुलदीप ने अपनी कक्षा 8वीं तक की शिक्षा इंग्लिश मीडियम से चंदला के ही इंडियन पब्लिक स्कूल में प्राप्त की। इसके बाद 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा छतरपुर के मरिया माता कान्वेंट स्कूल में प्राप्त की। तदोपरांत वे दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से दर्शन और राजनीति शास्त्र में स्नातक हुए। स्नातक करते हुए ही दिल्ली में उन्होंने यूपीएससी की तैयारी के लिए कोचिंग की। सितम्बर में मुख्य परीक्षा देने के बाद जनवरी में उनका मौखिक इम्तिहान हुआ था जिसमें उनका चयन 181वीं रैंक पर हुआ है। कुलदीप पटेल को पढ़ाने में उनके ताऊ राजेन्द्र पटेल का योगदान रहा जो कि पेशे से शिक्षक हैं।

## प्रधानमंत्री की खजुराहो ट्रांजिट विजिट को लेकर 3 किमी का एरिया रेड जोन घोषित

छतरपुर। प्रधानमंत्री की 19 अप्रैल 2024 को खजुराहो जिला छतरपुर में ट्रांजिट विजिट प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. ने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षात्मक दृष्टिगत खजुराहो हवाई पट्टी के नमतल एवं सम्पूर्ण खजुराहो के आस-पास 03 कि.मी. के क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून, अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाया है। जिसके तहत 19 अप्रैल तक उपरोक्त क्षेत्र को रेड जोन एवं नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पर विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर गुरूवार को जिला अस्पताल में एसपीजी के जवानों ने मॉकड्रिल की। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दमोह में सभा के पहले खजुराहो हवाई अड्डे पर स्पेशल विमान से आएंगे। इसके बाद वे सेना के हैलीकॉप्टर से दमोह के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर उनकी सुरक्षा में तैनात एसपीजी ने जिला अस्पताल में इमरजेंसी के दौरान मॉकड्रिल की।

## पुलिस के हाथ लगे मातगुवां लूट कांड के शेष तीन आरोपी



**8 लाख से अधिक का माल जप्त, भेजा गया जेल**

छतरपुर। गत 24 मार्च को मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम अनगौर के समीप दो सर्राफा व्यापारियों के हुई लूट की घटना का पुलिस अधीक्षक ने पिछले दिनों खुलासा किया था। लूट की वारदात को 7 लुटेरों ने अंजाम दिया था, जिनमें से 4 गिरफ्तार हो चुके थे। शेष आरोपियों की तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही थी। गुरुवार को पुलिस ने शेष तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों के पास से पुलिस ने 8 लाख से अधिक का माल भी जप्त किया है।पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि ग्राम अनगौर निवासी प्रमोद सोनी अपने बड़े भाई देवेन्द्र सोनी के साथ 24 मार्च को आभूषण लेकर दुकानदारी करने ग्राम बरद्वाहा के बाजार गया था। यहां ये शाम करीब 6 बजे दोनों वापिस लौट रहे थे तभी ककरदा से अनगौर के बीच कच्चे रास्ते पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करने के बाद बैग में मौजूद आभूषण लेकर भाग गए। प्रमोद सोनी की रिपोर्ट पर पर थाना मातगुवां में धारा 394 आईपीसी, 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की गई।विवेचना लिए गठित की गई पुलिस टीम ने घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण कर भौतिक, मैकेनिकल और टैक्नीकल साक्ष्य एकत्र किए और मुखबिर की सूचना तथा तकनीकि साक्ष्यों की मदद से लूट की घटना मे शामिल चार आरोपियों को दबोच लिया। घटना के शेष तीन आरोपी अजय प्रताप उर्फ सुखपाल, बड़े राजा उर्फ बृजेन्द्र सिंह और गम्भीर सिंह की तलाश लगातार जारी थी, जिन्हें पुलिस ने 18 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। आरोपी अजय प्रताप उर्फ सुखपाल से 27 ग्राम सोना कीमती 188790 रुपये एवं 01 किलो 70 ग्राम चांदी कीमती 80560 रुपये जप्त की गई एवं आरोपी बृजेन्द्र सिंह उर्फ बड़े राजा निवासी गुना से 17.5 ग्राम सोना कीमती 123620 रुपये एवं 570 ग्राम चांदी कीमती 45600 रुपये जप्त कि गई। आरोपी सुखपाल द्वारा बताया गया था कि उसने अपने फूफा गम्भीर सिंह को भी कुछ सोना चांदी बेचने के लिये दिया था। आरोपी गम्भीर सिंह को पकड़कर उसके कब्जे से 19.5 ग्राम सोना कीमती 136010 रुपये एवं 832 ग्राम चांदी 66510 रुपये जप्त किया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

## मिलावट, डेयरियों के जरिए 50 हजार लीटर दूध जा रहा बाहर, 20-25 हजार लीटर की शहर में हो रही खपत

# गर्मी में दूध की बढ़ी मांग, मिलावटी दूध का कारोबार जोरों पर, प्रशासन ने की कार्रवाई

नौगांव

गर्मी का मौसम होने के कारण इलाके में दूध की मांग बढ़ गई है, आमजन एवं व्यापारियों द्वारा दही, लस्सी, कुल्फी बर्फ में दूध का प्रयोग अधिक किया जा रहा है। जिसके चलते दूध की डिमांड बढ़ी है तो दूसरी तरफ गर्मी के चलते दूध का उत्पादन कम हो गया है। जिसका फायदा बड़े दूध कारोबारी उठा रहे हैं, नतीजा नगर व आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दूध के नाम पर मीठा जहर बेचा जा रहा है। इसी के चलते नायब तहसीलदार पूजा भोरहरी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन ने छतरपुर रोड पर स्थित जटाशंकर दूध डेयरी पर छापामार कार्रवाई करते हुए खुले दूध एवं घी के सैंपल लिए हैं तो वहीं डेयरी पर गंदगी पाए जाने पर नोटिस की कार्रवाई की गई है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन और नायब तहसीलदार पूजा भोरहरी ने संयुक्त रूप से छतरपुर रोड पर स्थित जटाशंकर दूध खरीदी केंद्र पर छापामार कार्रवाई की है। प्रशासन को छापामार कार्रवाई के दौरान केंद्र में भारी मात्रा में गाय एवं भैंस का दूध और घी का स्टॉक मिला। प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान पहले तो केंद्र में मिले गाय एवं भैंस के खुले दूध के सैंपल भरे फिर इसके बाद प्रशासनिक टीम ने घी के भी सैंपल लिए। सैंपल प्रयोगशाला में भेजे गए हैं, जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी जैन ने खरीदी केंद्र के पूरे भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन एवं दूध घी के भंडारण के पास काफी मात्रा में गंदगी मिली, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन और नायब तहसीलदार पूजा भोरहरी ने केंद्र संचालक को फटकार लगाई।साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दूध खरीदी केंद्र में गंदगी पाए जाने पर संचालक के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बता दें कि गर्मी के मौसम में चलते एक तरफ जहां दूध का उत्पादन कम हुआ तो वहीं दूसरी तरफ इसकी खपत भी कई गुना बढ़ गई है, जिसके चलते हलवाई जहां मिलावटी मावा का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो दूध देने वाले घर-घर में पाउडर व रिफाइंड से तैयार दूध सप्लाई कर रहे है। मिलावट के इस कारोबार से आमजन की सेहत को खतरा है, बताया गया है नगर में प्रतिदिन 20-25 हजार लीटर दूध सप्लाई किया जा रहा है। इसके अलावा 50 हजार लीटर दूध की सप्लाई ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी, पिनाहट, आगरा जैसे शहरों में की जा रही है। बावजूद इसके खाद्य अधिकारी इस ओर ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।



**नौगांव प्रशासन ने की कार्रवाई, जटाशंकर डेयरी से दूध, घी के लिए सैंपल**

### बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध से बनाई जा रही मिठाई व पनीर, सैंपलिंग पर ध्यान नहीं

भीषण गर्मी का असर इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशुओं पर भी कम नहीं पड़ रहा है गर्मी के कारण पशुओं खासकर गाय-भैंसों की दूध उत्पादन की क्षमता घट गई है। इससे पशुपालकों को तो घाटा हो ही रहा है, साथ ही लोगों को दूध मिलने में भी दिक्कत आ रही है। पशुओं की दुग्ध उत्पाद क्षमता पर 25 से 50 फीसदी तक असर पड़ा है। दुधारू पशुओं में भैंसों व गायों का दूध कम हो गया है। डेयरी संचालक राम प्रकाश अवस्थी ने बताया कि उनकी डेयरी में ज्यादातर भैंसों का यही आलम है जो भैंस एक समय में 7 किलोग्राम दूध देती थी, अब गर्मी की वजह से वह घटकर 4 से 5 किलो तक आ गई है। इसके अलावा दूध की गुणवत्ता पर भी असर पड़ा है।

### ऐसे बनता है सिंथेटिक दूध -

आधा लीटर शुद्ध दूध और सोयाबीन रिफाइंड का आधा लीटर तेल मिक्सर से मिलाते हैं। तब फैट बनकर तैयार हो जाता है। इसके अलावा थोड़ा नमक, चीनी, यूरिया खाद और ग्लूकोज को पानी में मिलाते हैं। अगर फेट कम रह जाती है तो उसके एक अलग किस्म का केमिकल मिलाते हैं। दूध में झाग लाने के लिए यूरिया खाद और इजी शैंपू का प्रयोग किया जाता है।

### इनका कहना है -

दूध खरीदी केंद्र पर कार्रवाई की गई, दूध के घी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में भेजे हैं, जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गंदगी मिलने पर नोटिस की कार्रवाई की है।

**वंदना जैन**
**खाद्य निरीक्षक ,नौगांव**

नकली एवं मिलावटी सामग्री बनाने एवं बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है, रहवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

## छतरपुर के युवा ने पढ़ाई के साथ खड़ी कर ली स्टार्टअप कंपनी

छतरपुर। शहर के एक युवा ने अपने कारनामे से न केवल अपने माता-पिता बल्कि संपूर्ण जिले को गौरवान्वित किया है। हम बात कर रहे छतरपुर शहर की गल्ला मंडी में रहने वाले स्वामी प्रसाद खरया के नाती, मनीष खरया के पुत्र और राजेंद्र खरया के भतीजे अनमोल खरया की, जिन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ प्रधानमंत्री की स्टार्टअप नीति से प्रभावित होकर अपनी फूड टैग स्टार्टअप कंपनी बनाई है। अनमोल वर्तमान में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं।

अनमोल खरया के मुताबिक उनकी कंपनी होटल-रेस्टोरेंट में लंबी लाइन और




भीड़ से होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने में सहयोग करती है। उनके द्वारा तैयार किए गए कंपनी के मोबाइल एप्लीकेशन से ऑर्डर के बाद ऑनलाइन भुगतान कर अपना मनचाहा फूड रेस्टोरेंट से ले सकते हैं। उन्होंने अपनी फूड टैग स्टार्टअप कंपनी अपनी पढ़ाई के दौरान ही खड़ी कर ली है जो कि मध्यप्रदेश की पहली फूड टैग स्टार्टअप कंपनी है। उल्लेखनीय है कि अनमोल की प्रारंभिक शिक्षा शहर के क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज और सरस्वती शिशु मंदिर से हुई है। अनमोल के पिता मनीष खारया बताते हैं कि अनमोल के दिमाग में हमेशा इस तरह की कंपनी बनाने के सुझाव आते थे। बाद में उसने अपने एक सुझाव पर अमल करते हुए कंपनी तैयार कर ली है। अनमोल की मेहनत पर लगन को देखकर छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर ने अपनी वेबसाइट के इनक्यूबेटर पेज पर अनमोल की कंपनी को जगह दी है।

## साइकिल रैली निकाल कर मतदान करने का दिया संदेश

छतरपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को चुनाव होना है। गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर शहर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। उत्कृष्ट मा. विद्यालय क्रमांक 1 से रैली का साइकिल रैली का शुभारंभ एसडीएम अखिल राठौर द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### आज रीवा आएंगी मायावती

**रीवा।** रीवा एवं सतना में लोकसभा निर्वाचन के लिए वोटिंग दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को होगी। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा-रैलियां कर रहें हैं। इस बीच बसपा सुप्रीमो मायावती आज 19 अप्रैल को रीवा में एक जनसभा को संबोधित करेगी वही रीवा एवं सतना लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट की अपील करेंगी । उत्तरप्रदेश की सीमा से लगे होने के चलते विंध्य, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी के लिए मजबूत वोट बैंक होता है। इस वजह से मायावती बसपा प्रत्याशियों के लिए इन क्षेत्रों में ज्यादा ज़ोर आजमाइश करना चाहती हैं। इन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में कई स्थानों पर बहुजन समाज पार्टी दूसरे या तीसरे स्थान पर रही है। हालांकि विधानसभा चुनाव में किसी भी प्रत्याशी को जीत हासिल नहीं हो सकी थी। रीवा लोकसभा में अभिषेक पटेल बसपा प्रत्याशी हैं, जबकि सतना में अलग-अलग दलों से चार बार विधायक रह चुके नारायण त्रिपाठी बीएसपी कैंडीडेट हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव मे मैहर क्षेत्र से नारायण त्रिपाठी को हार का सामना करना पड़ा था। अब वे लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशी बनकर उतरें हैं। सतना लोकसभा में BSP के नारायण त्रिपाठी की सीधी टक्कर भाजपा के गणेश सिंह और कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा से होगी। जबकि रीवा लोकसभा में बसपा के अभिषेक पटेल का मुकाबला भाजपा के जनार्दन मिश्रा और कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा से होना है।

### तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन आज से

**कटनी।** कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में सी ई ओ जिला पंचायत के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान एवं तीन दिवसीय अभिभावक छात्र पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 18 से 20 अप्रैल सायं 4 बजे से रात्री 9 बजे तक सुभाष चौक स्थित साधूराम विद्यालय परिसर,में आयोजित किया जाएगा।प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर छात्रों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है।निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उक्त स्वीप गतिविधि एवं पुस्तक मेला में समुचित व्यवस्थाओं एवं सफलता पूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराए जाने हेतु संपूर्ण व्यवस्थाओं का प्रभारी/सहयोगी पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त, जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचन प्रभारी,आदेश जैन प्रभारी सहायक यंत्री को बनाया है। श्री शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या मे उक्त मतदाता जागरूकता पुस्तक मेले में शामिल होकर मेले का लाभ लेते हुए मतदाता जागरूकता गतिविधियों में अपनी हिस्सेदारी लेते हुए अपने आसपास के नागरिको को भी मतदान हेतु जागरूक करने तथा आगामी दिनांक 19 एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

### मतदान समाप्ति तक साउंड सिस्टम पर लगा प्रतिबंध

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण परिसंचालन और लोक परिशांति बनाये रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण तथा ध्वनि प्रदूषण विनियमयन एवं नियंत्रण नियम के तहत प्रथम चरण के लिए शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटनी जिले के विधानसभा क्षेत्र बड़वारा मे मतदान के 48 घंटे पूर्व 17 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद तथा मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक के लिए लाउड स्पीकर व साउण्ड सिस्टम का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। यह आदेश जिले के विधानसभा क्षेत्र बड़वारा की राजस्व सीमाओं के अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

# खुले बोरवेल को बंद कराने में जुटे अधिकारी

## गांव - गांव किया जा रहा निरीक्षण

ग्रामीण क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल व्यवस्था का प्रमुख आधार टूबेल और बोरवेल हैं। इनमें से अनुपयोगी और खुले बोरवेल कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बनते हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये हैं।



रीवा !

इस कार्य की समय सीमा 30 अप्रैल निर्धारित की गयी है। अधिकारियों द्वारा जिले भर में भ्रमण करके अनुपयोगी और खुले टूबेल बंद कराये जा रहे हैं। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने क्षेत्र का भ्रमण कर अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये। तहसील सेमरिया में नायब तहसीलदार आंचल अग्रहरी ने ग्राम डड़यि तथा ग्राम तिघरा में बोरवेलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन बोरवेल खुले पाये गये। बोरवेल मालिकों को इन्हें तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम तिघरा में बिना जगत के खुले हुए कुंए को बंद कराने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने ग्राम सगरा में कूपों और खुले बोरवेलों का निरीक्षण किया। ग्राम सगरा में भूमिस्वामी उमाकांत मिश्रा को खुले कूप में जगत बनाकर उसे सुरक्षित करने के निर्देश दिये। ग्राम नदहा में भी नायब तहसीलदार ने बोरवेल का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एबी खरे ने ग्राम पंचायत पटेहरा में खुले बोरवेलों का निरीक्षण किया और दो बोरवेल बंद करायें। ग्राम लौरकला में जनपद के सीईओ विनोद पाण्डेय ने अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराया। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने ग्राम तिघरा में बोरवेलों का निरीक्षण किया। उन्होंने दो अनुपयोगी बोरवेलों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये। एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी ने भी तीन गांव का भ्रमण कर अनुपयोगी बोरवेल बंद करायें। जिले भर में अधिकारी भ्रमण करके अनुपयोगी बोरवेलों का सर्वेक्षण कराने के साथ-साथ उन्हें बंद करा रहे हैं।



## बच्चों के व्रतबंध कार्यक्रम में शामिल लोगों को दिलाई नशा मुक्त की शपथ

**रीवा ।** लोगो की नशा से दूर रहने का सन्देश देने वाले सुजीत दुवेदी ने गुरुवार को अपने बच्चो के व्रतबंध कार्यक्रम मे शामिल हुए परिवार रिश्तेदार सहित लोगो की सामूहिक नशा न करने की शपथ दिलाई । दरसल सुजीत दुवेदी लंबे समय से नशा के विरूद्ध लड़ाई लड़ रहें है और लोगो को अलग अलग तारीके से जागरूक कर रहें है । उन्होंने पहले भी बेटी को शादी में और अपनी माता के अंतिम संस्कार में शामिल लोगों के नशा मुक्त कि शपथ दिलाई दी । इसके आलावा भाई वो लगातार समाज सेवा करते हुए लोगो के नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते रहते है।

सफलता की कहानी

## घर से मतदान की सुविधा का लाभ लेकर 101 वर्षीय राजनारायण ने किया मतदान



रीवा !

निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। रीवा लोकसभा में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं से डाकमत पत्र से मतदान के लिए निर्धारित प्रापत्र में आवेदन पत्र भरवाये गये। इनके घर जाकर 18 अप्रैल और 19 अप्रैल को मतदान दल मतदान की सुविधा दे रहा है। प्रथम दिन लोकसभा क्षेत्र 10 रीवा के विधानसभा क्षेत्र 75 गुढ़ के ग्राम बुढ़िया में शतायु मतदाता राजनारायण ने मतदान किया। श्री राजनारायण की आयु 101 वर्ष है उन्होंने अब तक के सभी लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान दल ने श्री राजनारायण के घर जाकर मतदान कराया। एसडीएम तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर डॉ. अनुराग तिवारी भी मतदान के समय उपस्थित रहे।

### खलिहान में 90 वर्षीय कैलाश ने किया मतदान

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को डाकमत पत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी जा रही है। रीवा संसदीय क्षेत्र में 67 मतदान दल निर्धारित रूटों में भ्रमण करके दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं से मतदान करा रहे हैं। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटा में मतदान दल खलिहान में जाकर 90 वर्षीय कैलाश प्रसाद को मतदान की सुविधा दी। वरिष्ठ नागरिक कैलाश प्रसाद ने पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया। डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा मिलने से श्री कैलाश प्रसाद ने घर से ही मताधिकार का उपयोग कर लिया। इसके लिए उन्हें मतदान केन्द्र में जाने की आवश्यकता नहीं हुई।



### गुलाबकली ने घर से डाला वोट

निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी है। बुजुर्ग मतदाता निर्धारित प्रापत्र आवेदन करके इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रीवा लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र 74 में ग्राम अजगरहा में 92 वर्षीय गुलाबकली मिश्रा ने घर से अपना वोट डाला होम वोटिंग के लिए तैनात मतदान दल द्वारा श्रीमती मिश्रा के घर जाकर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डाकमत पत्र से मतदान कराया। घर से मतदान की सुविधा मिलने से प्रसन्न गुलाबकली ने पूरे उत्साह के साथ मतदान किया।



# नदी में हाथ पैर बंधी मिली अज्ञात युवक की लाश, हत्या कर लाश फेंकने की आशंका



रीवा।

जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत गुरुवार को बीहर नदी में एक अज्ञात लाश मिली है। लाश के मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी पथ स्थित बीहर नदी मे अज्ञात व्यक्ति की लाश गुरुवार दोपहर एक स्थानीय व्यक्ति ने उफनती हुई देखी गई। तत्काल ही स्थानीय लोगों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने लाश को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाश के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। वही लाश कई दिन पुरानी बताई जा रही है। जिसकी शिनाख्त अभी नहीं की जा सकी है। पुलिस को लाश के हाथ और पैर बंधे हुए मिले हैं। जिस वजह पुलिस को हत्या कर लाश को नदी में फेंके जाने की आशंका दिखाईं पड़ रही है वही मृतक हरे रंग की शर्ट व ग्रे कलर का पैंट पहना हुआ था

### इनका कहना है

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी जहा बिहार नदी में पानी में तैरते हुए एक बॉडी दिखाई पड़ी जिसको बाहर निकलवाया गया लाश के हाथ और पैर बंधे हुए मिले हैं। बॉडी लगभग 5 से 6 दिन पुरानी है जिसके कारण चेहरा पूरी तरह से दिखाई नही दे रहा बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल में फ्रीजर में रखवाया गया है मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस बात की पड़ताल की जा रही है।

**कमलेश साहू सिविल लाइन थाना प्रभारी रीवा**

## नशीली कफ सिरप अवैध रूप से ले जाने वाले दो युवकों को 10 साल की सजा एक लाख का जुर्माना

**रीवा ।** प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने बताया कि अतिरिक्त विशेष न्यायधीश (एन.डी पी. एस. एक्ट) जिला रीवा (म०प्र०) विक्रम सिंह की अदालत में नशीली कफ सिरप के दो आरोपी (1) छोटे उर्फ नारेन्द्र सिंह चौहान पिता कमलभान सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जमोडी खुर्द थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) (2) तथा रोहित कुमार जैयसवाल पिता शिवप्रसाद जैसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम करौदिया थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) को दस-दस वर्ष की सजा सुनाई गई है। दिनाक 27.08.2022 को थाना हनुमना जिला रीवा (म०प्र०) को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की बेलोरो कार क्रमांक एम.पी.53 टी.ए. 2016 वाहन से अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की खेप उत्तर प्रदेश तरफ से आने वाली है, जो हनुमना बडकुडा बार्डर से हनुमना थाना की सीमा से प्रवेश करेगी। मुखबिर सूचना पाते ही थाना हनुमना की पुलिस दल बल के साथ रवाना हुई और घेराबंदी कर उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रही बेलोरो क्रमांक एम.पी. 53 टीए. 2016 वाहन को पकड़ा। पकड़े गये वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की सबसे पीछे वाली सीट के पीछे पाँच खाखी रंग के कार्टून मिले। जिसमें कुल 580 शीशी कफ सिरप अवैध रूप से पाई गई। जिसमें प्रत्येक शीशी का मूल्य 120 रू का होना पाया गया। मौके पर ही दोनो आरोपियों को गिफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर अतिरिक्त विशेष न्यायधीश



(एन.डी.पी.एस.एक्ट) में चालान पेश किया गया। जहाँ लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि आरोपीगण द्वारा कारित अपराध गंम्भीर प्रकृति का है। जिससे निश्चित रूप से समाज नशे का आदी हो रहा है। इसलिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी से तथा अधिकतम सजा दी जाय। अतिरिक्त विशेष न्यायधीश विक्रम सिंह ने दोनो पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद दोनो आरोपियों छोटे उर्फ नारेन्द्र सिंह चौहान पिता कमलभान सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जमोडी खुर्द थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) एवं रोहित कुमार जैयसवाल पिता शिवप्रसाद जैयसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कराँदिया थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) को (एन.डी.पी.एस.एक्ट) की धारा 8 (सी) 21 (सी) के तहत दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक लाख रूपये के अर्थदंण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदंण्ड की राशि अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पडेगी।

## 420 स्कूलों को जारी किया था नोटिस, 42 ने ही दर्ज की जानकारी

# सख्ती के बाद निजी स्कूलों ने पोर्टल में अपलोड की फीस की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के 420 निजी विद्यालयों द्वारा डीपीआई के पोर्टल मे स्कूल की सामान्य जानकारी सहित फीस का विवरण अपलोड नहीं करने पर जारी कारण बताओं नोटिस के बाद अब तक जिले के 42 निजी स्कूलों ने पोर्टल मे फीस संरचना का ब्यौरा अपलोड कर दिया है। कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति की बैठक मे पोर्टल मे वांछित जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया गया था। साथ ही जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों के विरूद्ध मप्र निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही करने का निर्णय भी हुआ था।

नियमों के तहत विद्यालयों को पोर्टल पर स्कूल की सामान्य जानकारी अद्यतन और अपडेट करना जरूरी था। साथ ही सभी निजी विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र के लिए नियत की गई फीस संरचना कक्षावार एवं संवर्गवार की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड करनी थी। इसके अलावा विगत तीन वर्षो के संपरीक्षित ऑडिटेड लेखों , बैलैन्स शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल आदि का विवरण भी वेबसाइट व पोर्टल में प्रविष्ट और अपलोड करना था लेकिन नहीं किया गया।

### 42 स्कूलों ने की फीस अपलोड

जिला समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद से अब तक 42 निजी स्कूलों ने डी.पी.आई के पोर्टल पर स्कूल और फीस की जानकारी अपलोड कर दी है। शैक्षणिक सत्र 2023-2024 की जानकारी पोर्टल में अपलोड करनें वाले निजी स्कूलों मे हायर सेकेन्ड्री स्कूल एच.डी.मैमोरियल, पियूष हायर सेकेन्ड्री स्कूल, इकरा पब्लिक स्कूल, बीना मॉडल मिशनरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, क्रीसेंट पब्लिक स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, डायमंड हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल, किड्स केयर हायर सेकेन्ड्री स्कूल, कृष्णा वैली पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ बाल निकेतन हायर सेकेन्ड्री स्कूल, विक्रम हायर सेकेन्ड्री स्कूल लखेरा, वंडर पब्लिक स्कूल, यू.एस. मैमोरियल स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, एम.पी.मैमोरियल स्कूल, कैमोर मिडिल स्कूल, डी.ए.वी. ए.सी.सी पब्लिक स्कूल और जे.पी.वी डी.ए.वी स्कूल कटनी शामिल है।

इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र शैक्षणिक सत्र 2022-2023 जिन निजी स्कूलों ने पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड कर दिया है उनमें हायर सेकेन्ड्री स्कूल एच.डी मैमोरियल, पियूष स्कूल ,इकरा पब्लिक स्कूल, बीना मार्डन मिशनरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, क्रीसेंट पब्लिक स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, डायमंड हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल, किड्स केयर हायर सेकेन्ड्री स्कूल, कृष्णा वैली पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ बाल निकेतन, विक्रम हायर सेकेन्ड्री स्कूल लखेरा, वंडर पब्लिक स्कूल , यू.एस.मेमोरियल, सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल, एम.पी.मैमोरियल स्कूल, कैमोर मिडिल स्कूल, डी.ए.वी ए.सी.सी पब्लिक स्कूल और जे.पीवीडी ए वी हायर सेकेन्ड्री स्कूल कटनी द्वारा पोर्टल पर फीस अपलोड कर दी गई है।

जबकि शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के लिए मात्र चार निजी स्कूलों ने फीस पोर्टल पर अपलोड की है इनमें राघव वैदेही, मोरल पब्लिक स्कूल कटनी, संत हल्केराम ज्ञान ज्योति स्कूल सिंहुडी, एस.के.क. मैमोरियल स्कूल कटनी एवं नेचर स्कूल कटनी ने फीस की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है।

### होगी वैधानिक कार्यवाही

कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति ने पोर्टल मे फीस अपलोड करने के लिए निजी स्कूलों को एक सप्ताह का समय दिया था। लेकिन समय-सीमा मे जानकारी पोर्टल मे अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## बसाड़ी के छात्र दीपक पटेल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

प्रेरणा उत्सव अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले के समस्त शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें शासकीय उमावि बसाड़ी के होनहार छात्र दीपक पटेल ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं गुरु जनों का मान बढ़ाया है।



जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ,प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के संयोजन में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में बैच आठ से राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता हेतु विद्यालय के दीपक पटेल कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय के छात्र का चयन किया गया है उक्त चयन केंद्र सरकार द्वारा जारी चयन सूची जिसमें 1000 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है जिसमें कटनी जिला से दीपक पटेल का चयन किया गया है बसाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के छात्र दीपक पटेल के चयन होने व इनकी इस विशेष उपलब्धि के लिए जिला के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के प्राचार्य जे.एल. बुनकर ,मार्गदर्शक शिक्षक डॉ विजय पटेल एवं समस्त स्टाफ सहित उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य एवं प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी जुगल किशोर चौरसिया ने भी छात्र दीपक पटेल को शुभकामनाएं दी हैं।

## चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की मनाई जयंती

**कटनी।** मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति एन.के.जे के तत्वाधान में विश्व विजेता चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई गई। साथ ही नव चेतना वार्षिक पत्रिका के प्रथम संस्करण का विमोचन भी किया गया। समारोह ओबीसी कार्यालय प्रांगण एन.के.जे में बड़ी धूम धाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि रामसरोवर कुशवाहा, निखलेश वर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष दातादीन मौर्य, समिति अध्यक्ष ए.पी. मौर्य, सचिव सी.पी. मौर्य, कोषाध्यक्ष दिनेश मौर्य, महिला विंग की अध्यक्षा माया मौर्य, सुषमा मौर्य और ज्ञांति मौर्य रही। कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न कराने में सम्राट संतोष मौर्य जी,बी.बी. कुशवाहा, राजीव सिंह, मनोज निराला, योगेंद्र मौर्य, विजय सिंह मौर्य, दीपक पंत व अनेक जनसेवी/समाज सेवी द्वारा संबोधन एवम मार्गदर्शन किया गया ।